GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 01.02.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# कुलपति को सौंपा स्वर्ण जयंती लोगो



एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी की डिजाइनर टीम के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने यूनिवर्सिटी का लोगो कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार को सौंपा। संस्थान के 50वें वर्ष में प्रवेश करने के चलते स्वर्ण जयंती लोगो बनाया गया है। यूनिवर्सिटी का यह लोगो अब सभी कार्यक्रमों व दस्तावेजों में इस्तेमाल होगा। हाल ही में सीएम मनोहर लाल ने लोगो का अनावरण किया। मौके पर लोगो डिजाइन कमिटी के समन्वयक डॉ.अतुल मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए हमने पिछले साल नवंबर में प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसमें 70 प्रविष्टियां मिली थी। इसमें से सबसे बेहतर दो को जोड़कर हमारी एनीमेशन व मल्टीमीडिया फैकल्टी ने फाइनल लोगो तैयार किया है। मौके पर डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ.नरेश चौहान, डॉ.कोमल भाटिया आदि मौजूद थे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 01.02.2019**

**PUNJAB KESARI**

# विद्यार्थियों ने कुलपति को सौंपा विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती लोगो

## 'स्वर्ण जयंती लोगो विश्वविद्यालय की संस्थागत उत्कृष्टता का प्रतीक'



*कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को स्वर्ण जयंती लोगो अधिकारिक रूप सौंपते हुए विद्यार्थी।*

फरीदाबाद, 31 जनवरी (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संस्थान के रूप में 50वें वर्ष उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती लोगो डिजाइन टीम के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को अधिकारिक रूप से स्वर्ण जयंती लोगो सौंपा, जो स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों एवं दस्तावेजों का हिस्सा बनेगा। इस लोगो का अनावरण हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया था। कुलपति ने स्वर्ण जयंती को विकसित करने में अपना योगदान देने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि था। यह लोगो ज्ञान एवं ज्ञान के प्रसार के मार्ग पर संस्थागत उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के 50 वर्षों की अभिव्यक्ति का एक प्रतिरूप है जो विश्वविद्यालय के संस्थागत मूल्यों तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान को दर्शाता है। लोगो डिजाइन में योगदान देने वाले विद्यार्थियों में वंदना, सागर तनेजा, नवनीत, आदर्श यादव, पावन तथा अमन शामिल है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 01 February 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/36307148

**NEWS CLIPPING: 01.02.2019**

**PUNJAB KESARI COM**

# विद्यार्थियों ने कुलपति को सौंपा विवि. का स्वर्ण जयंती लोगो



**कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को स्वर्ण जयंती लोगो अधिकारिक रूप सौंपते हुए विद्यार्थी ।(छाया:राकेश देव)**

**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी)। जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संस्थान के रूप में 50वें वर्ष उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती लोगो डिजाइन टीम के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार को अधिकारिक रूप से स्वर्ण जयंती लोगो सौंप दियाए जो स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों एवं दस्तावेजों का हिस्सा बनेगा। इस लोगो को अनावरण हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया था। कुलपति ने स्वर्ण जयंती को विकसित करने में अपना योगदान देने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि था। यह लोगो ज्ञान एवं ज्ञान के प्रसार के मार्ग पर संस्थागत उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के 50 वर्षों की अभिव्यक्ति का एक प्रतिरूप है जो विश्वविद्यालय के संस्थागत मूल्यों तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान को दर्शाता है।

**NEWS CLIPPING: 01.02.2019**

## DAINIK BHASKAR

# स्टूडेंट्स ने कुलपति को सौंपा जेसी बोस विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती लोगो

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद



फरीदाबाद. कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को स्वर्ण जयंती लोगो सौंपते विद्यार्थी।

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के संस्थान के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती लोगो डिजाइन टीम के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को आधिकारिक रूप से स्वर्ण जयंती लोगो सौंप दिया। अब यह स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों एवं दस्तावेजों का हिस्सा बनेगा। इस लोगो का अनावरण हाल ही में सीएम मनोहर लाल ने किया था। कुलपति ने स्वर्ण जयंती को विकसित करने में अपना योगदान देने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा यह लोगो ज्ञान एवं ज्ञान के प्रसार के मार्ग पर संस्थागत उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के 50 वर्षों की अभिव्यक्ति का एक प्रतिरूप है जो विश्वविद्यालय के संस्थागत मूल्यों तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान को दर्शाता है। लोगो डिजाइन कमेटी के समन्वयक डॉ. अतुल मिश्रा ने कहा कि स्वर्ण जयंती लोगो को नवम्बर में आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से विकसित किया गया। लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में कुल 70 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। अंतिम डिजाइन के लिए चयनित दो श्रेष्ठ प्रविष्टियों को जोड़कर एनिमेशन व मल्टीमीडिया की फैकल्टी द्वारा विकसित किया गया। लोगो डिजाइन में योगदान देने वाले विद्यार्थियों में वंदना, सागर तनेजा, नवनीत, दीपाली, नितिन, आदर्श यादव, गनीन भाटिया, नेहा मौर्या, पावन तथा अमन शामिल हैं। इस मौके पर डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. नरेश चौहान तथा डॉ. कोमल भाटिया आदि मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 01.02.2019**

**HINDUSTAN**

# स्वर्ण जयंती का प्रतीक चिन्ह सौंपा

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) संस्थान का 50वां वर्ष पूरा हो गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने स्वर्ण जयंती प्रतीक चिन्ह तैयार कर गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को सौंप दिया। इसका अनावरण हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया था।

प्रतीक चिन्ह का उद्देश्य संस्थागत उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता है, 50 वर्षों की अभिव्यक्ति का एक प्रतिरूप है जो विश्वविद्यालय के संस्थागत मूल्यों तथा विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान को बताता है। प्रतीक चिन्ह डिजाइन कमेटी के समन्वयक डॉ. अतुल मिश्रा ने कहा कि स्वर्ण जयंती लोगो को गत वर्ष नवंबर महीने में प्रतीक चिन्ह के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इनमें से एक कमेटी ने बेहतरीन प्रतीक चिन्ह को चुनकर फाइनल रूप दिया था। इस दौरान करीब 70 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। इनमें से अंतिम दो डिजाइन को चयनित कर एनीमेशन और मल्टीमीडिया की ओर से विकसित किया गया है। प्रतीक चिन्ह को बनाने में वंदना, सागर तनेजा, नवनीत, दीपाली, नितिन, आदर्श यादव, गनीन भाटिया, नेहा मौर्या, पावन तथा अमन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीन डॉ. संदीप ग्रोवर, डीन डॉ. नरेश चौहान और डीन डॉ. कोमल भाटिया भी उपस्थित थे।

**AMAR UJALA**

# कुलपति को सौंपा विवि का स्वर्ण जयंती लोगो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संस्थान के रूप में 50वें वर्ष उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती लोगो डिजाइन टीम के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को अधिकारिक रूप से स्वर्ण जयंती लोगो सौंपा। यह लोगो स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों और दस्तावेजों का हिस्सा बनेगा। इस लोगो को अनावरण हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया था। ब्यूरो